तुरन्त		पूर्व मध्य रेल	प्रेस प्रकाशनी
Immediate		East Central Railway	Press Release

नशाखुरानों से रहे सावधान

हाजीपुर : 19.01.2012

पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों के मध्य नशाखुरानी के विरूद्ध प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है । इसी क्रम में स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में नशाखुरानी पोस्टर लगाये गये है । यात्रियों के बीच नशाखुरानी से जागरूकता के लिए पम्पलेट भी वितरित किये जाते रहे हैं । इसके बावजूद भी नशाखुरानी के मामले सामने आते रहे हैं जिसे पूर्व मध्य रेल द्वारा काफी गंभीरता से लिया गया है।

इसी के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल सभी यात्रियों से पुनः अपील करती है कि –''यात्रा के दौरान किसी अपरिचित सहयात्री से किसी भी तरह का खाने–पीने का सामान कदापि ग्रहण न करें । हो सकता है कि कोई आपको नशा खिलाकर आपका सामान चोरी करने का प्रयास कर रहा हो । अधिक नशा की हालत में आपकी जान को भी खतरा हो सकता है । यदि कोई अपरिचित सहयात्री आपसे दोस्ती का प्रयास करे या कोई खाने–पीने की वस्तु दे तो उसे बचे और तुरंत इसकी सूचना 06224–223580 एवं 09661693747 हेल्प लाइन नंबर पर दें । ''

(नीरज अम्बष्ठ)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी